DO NOT OPEN THE SEAL OF THE BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO

EXAM ID. - 13902

# HP JAIL WARDER

## TEST SERIES

| DATE -__/__/____ | INSTRUCTION FOR CANDIDATE | TEST SERIES NO. |
|---|---|---|
| DAY - | उम्मीदवारों के लिए अनुदेश | A - 101 |

QUESTION – 100 MARKS – 100 NEGATIVE MARK – 0.50 DURATION – 90 MIN.

1. केवल काले या नीले रंग की स्याही वाले बॉल पेन का ही उपयोग करें
2. परीक्षा प्रारंभ होते ही आप इस प्रश्न पुस्तिका की जाँच अवश्य कर ले तथा यदि इसमें कोई बिना छपा कटा-फटा या आंशिक छपा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्न हो, तो इसे अभिजागर के माध्यम से सही प्रश्न पुस्तिका से बदल लीजिए।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में कुल 100 प्रश्न हैं I
4. यह एक वस्तुनिष्ठ परीक्षा है, जिसमें प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प दिए गए है, आपको इन चार विकल्पों में से सही उत्तर वाले एक ही विकल्प को चुनना है।
5. सभी प्रश्नों के उत्तर अलग अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने है।
6. उत्तर-पत्रक को भरने हेतु निर्देश उत्तर-पत्रक के पृष्ठ भाग पर अंकित है, जिन्हें उत्तर-पत्रक को भरने से पूर्व ध्यान से पढ़ ले ।
7. इस प्रश्न पुस्तिका में रफ-कार्य के लिए खाली पृष्ठ उपलब्ध हैं।
8. परीक्षा समाप्त होने से पूर्व परीक्षार्थी कक्ष से बाहर नहीं जा सकते हैं।
9. परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् आप उत्तर-पत्रक की ORIGINAL COPY को अभिजागर के पास जमा कराकर उनकी अनुमति से ही बाहर जा सकते हैं।
10. परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तर-पत्रक की Candidate's Copy को अपने साथ ले जाने की अनुमति हैं।
11. प्रत्येक सही उत्तर पर 1 अंक प्राप्त होगा तथा प्रत्येक गलत उत्तर पर 0.5 अंक काटा जाएगा।

WIFI PUBLICATION
POWERD BY TIME4LEARNING

YOUR BRAND LOGO HERE

YOUR INSTITUTE NAME

Address- Your coaching institute full address

Helpline :- 7737404085, 8209244090

1. **Direction: Select the option that is opposite in meaning to the given underlined word and mark your response accordingly.**
**He claims the new regulations will encourage people to invest.**

a) discourage b) dominate
c) allow d) agree

2. **There is an underlined segment in the given sentence. Select the most appropriate option to substitute the segment. If there is no need to substitute it, select 'No substitution required'.**
**The cow as well as the horse are eating the grass.**

a) have eaten b) were eating
c) is eating d) No substitution required

3. **Select the most appropriate synonym of the given word**
**Tutelage**

a) Rejection b) Perfection
c) Dejection d) Protection

4. **Out of the four alternatives given for the idioms/phrase, choose the one which best expresses the meaning of the given idiom/phrase.**
**To flog a dead horse.**

a) To try to achieve an easy task
b) To try to table work from a weak horse.
c) To beat a horse that is dead.
d) To revive interest in a subject which is out of date.

5. **(5 - 8)In the following passage some of the words have been deleted. Read the passage carefully and select the correct answer for the given blank out of the four alternatives.**
**Snail slime is made (1)_______ a mixture of substances. It is mostly water (2)________ with proteins and some carbohydrates and minerals, (3)______ into a sort of jelly. This jelly is (4)_________ "mucus". It's not that different to the snot that comes out of your nose when you have a (5)________.**
**Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

a) for b) of
c) up d) upon

6. **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

a) sliced b) diced
c) mixed d) rotated

7. **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

a) moved b) framed
c) tamed d) formed

8. **Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

a) hailed b) called
c) deemed d) stepped

9. **Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

a) plague b) cold
c) bug d) complaint

10. **Fill in the blanks.**
**This misogynist ________ all __________.**

a) hate, mother-in-laws b) hates, mother-in-laws
c) hates, mothers-in-law d) hate, mothers-in-law

11. **A sentence with an underlined word is given below. Select the most appropriate synonym for the underlined word.**
**The tornado wreaked havoc on the citizens of Odisha.**

a) Construction b) Congregation
c) Development d) Devastation

12. **Select the most appropriate option to improve the underlined segment in the given sentence. If there is no need to improve it, select 'No improvement required.**
**Neither of the brothers are good at behaviour.**

a) have been b) will
c) is d) no improvement

13. **Find the part of the given sentence that has an error in it. If there is no error, choose 'No error'.**
**I will never judge you for yours impromptu performance.**

a) I will never b) yours impromptu performance.
c) judge you for d) No error

14. **In the following sentence, an error is present in one of the four underlined parts. Identify the part with an error.**
**She avoided (a)/ to visit (b)/ after the incident (c)/ that had happened at his place.(d)**

a) a b) b
c) c d) d

15. **Direction: Find the word for the given sentence:-**
**A scientist who studies the mind and the way that people behave**

a) Psychoanalyst b) Psychologist

LOGO HERE

c) Osteopath d) None of these

**16. In the following question, sentence given with a blank to be filled in with an appropriate word. Four alternatives are suggested for the question. Choose the correct alternative out of the four and indicate it by selecting the appropriate option.**
**Although his army equalled the Texan army in numbers and _____ it in equipment, he dared not force a fight.**

a) overtake b) overbear
c) overdid d) surpassed

**17. Direction: Find the word for the given sentence:-**
**A feeling of strong dislike, opposition, or anger**

a) Pathologist b) Antipathy
c) Apathy d) None of these

**18. Choose the option that has the correct spelling.**

a) Mischievous b) Mischevious
c) Mischeveous d) Mischivouos

**19. Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**An excellent career ______ has now arisen with a leading recruitment agency.**

a) preferability b) opportunity
c) division d) severance

**20. Choose the word which is nearly opposite in meaning to the given word:-**
**Purgatory**

a) Reward b) Celestial
c) Flawless d) Proximity

**21. 'वसुधा' किसका पर्यायवाची शब्द है?**

a) जानकी b) दुर्गा
c) धरती d) नदी

**22. दिए गए विकल्पों में से सही का चयन कर रिक्त स्थान को भरें।**
**मनुष्य-जीवन की _____ मनोवेगों के कारण होती है।**

a) सार्थकता b) गति
c) उन्नति d) दुर्दशा

**23. निम्नलिखित शब्द के शुद्ध तत्सम रूप का चयन करें-**
**उलाहना**

a) उलक्ष्णा b) उपालंभ
c) उल्लहन d) उलालंभ

**24. 'उससे कुछ नहीं किया जाता' इसमें कौन-सा वाच्य होगा?**

a) कर्तृवाच्य b) क्रिया विशेषण
c) कर्मवाच्य d) भाववाच्य

**25. अक्ल पर पत्थर पड़ना' मुहावरे का अर्थ क्या है?**

a) अपमानजनक बात कहना b) मूर्ख बन जाना
c) बेफ्रिक d) बुद्धि भ्रष्ट होना

**26. यह (1)/ कलाकार (2)/ के अलावा (3)/ फ़िल्मी गीतों (4)/ गा सकता है। (5)/ लोकगीत भी (6)**
**क्रम संख्या 1 और 2 के बाद वाक्य संरचना का सही क्रम क्या है?**

a) 3, 5, 4, 6 b) 6, 3, 4, 5
c) 4, 3, 6, 5 d) 5, 6, 4, 3

**27. ल' प्रत्यय से निर्मित शब्द नहीं है-**

a) शीतल b) पीतल
c) श्यामल d) काजल

**28. हरि घर में है' वाक्य में किस कारक का प्रयोग हुआ है?**

a) अपादान कारक b) संप्रदान कारक
c) कर्ता कारक d) अधिकरण कारक

**29. (29 - 33)भारत में इस नए काम को शुरू करनेवाले पहले व्यक्ति एक सावे दादा थे। दुर्भाग्यवश उनका असली नाम मैं भूल गया हूँ। मैं सन् 1941 में जब स्वर्गीय मास्टर विनायक की एक फिल्म 'संगम' लिखने के लिए कोल्हापुर गया था तब शालिनी स्टूडियोज में उनके दर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य मुझे मिला था। मझोले कद के गोरे चिट्टे, दुबली-पतली कायावाले सावे दादा को देखकर कोई यह कल्पना भी नहीं कर सकता था कि ये अपने जमाने के बहुत बड़े कैमरामैन और भारतीय फिल्म व्यवसाय के आदि पुरुष रहे होंगे । मुझे तो अब याद नहीं कि सावे दादा कोल्हापुर ही के निवासी थे या बंबई, पुणे के पर बंबइया मार्का हिंदी वे मजे में बोल लेते थे। उन्होंने ल्युमीयेर ब्रदर्स के प्रोजेक्टर, फोटो डेवलप करने की मशीन या मशीनें खरीद कर भारत में इस धंधे का एक तरह से राष्ट्रीयकरण कर लिया था। जहाँ तक मेरी जानकारी है सावे दादा इंग्लैंड जाकर एक कैमरा भी लाए थे और शायद इंग्लैंड और फ्रांस के सिनेमेटोग्राफी कला विशेषज्ञों से भेंट करके उन्होंने भारत में इस उद्योग को स्थापित करने के लिए महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ भी प्राप्त की थीं। शालिनी सिनेटोन के एक कमरे में लकड़ी जड़ी कुर्सी पर टांग पर टांग चढ़ाए बैठे हुए चश्माधारी सावे दादा ने अपनी हल्की-फुल्की नकसुरी आवाज में मुझे उन प्रारंभिक अंग्रेज सिनेमेटोग्राफरों के नाम भी बातों के प्रसंग में ही बतलाए थे। सावे दादा ने छोटी-मोटी बहुत फिल्में बनाईं। भारत के प्रसिद्ध गणितज्ञ और कैंब्रिज विश्वविद्यालय के प्रथम भारतीय छात्र सर आर० पी० परांजपे जो सन् 1936-37 के लगभग लखनऊ विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर भी हुए थे, उनके स्वागतोत्सव पर एक डाक्यूमेंट्री फिल्म बनाई थी। इसी तरह लोकमान्य तिलक, गोखले आदि देश के मान्य नेताओं पर भी फिल्में बनाई थीं। मुझे यह भी याद पड़ता है कि भारतीय फिल्म उद्योग के जनक माने जाने वाले दादा साहब फालके द्वारा बनाई गई फीचर फिल्म 'हरिश्चंद्र' से पहले भी एक फीचर फिल्म बनी थी उसका नाम शायद 'भक्त पुंडलीक' था। दुर्भाग्यवश मैं उसके निर्माता का नाम भूल चुका हूँ (इनका नाम था दादा साहब तोरणे - संपादक)। हो सकता है वह फिल्म दादा साहब फालके ने ही बनाई हो। जो भी हो इतिहास ने दादा साहब फालके को ही भारतीय फिल्म उद्योग का जनक माना साबे दादा को नहीं । इसका कारण शायद यह भी हो सकता है कि दादा साहब फालके ने केवल एक ही नहीं**

**वरन् कई फीचर फिल्म एक के बाद एक बनाई और इस प्रकार उन्होंने ही इस उद्योग की नींव जमाई।**
**दादा साहब फालके द्वारा बनाई गई पहली फीचर फिल्म कौन सी थी?**

a) भक्त पुंडलीक b) हरिश्चंद्र
c) लोकमान्य तिलक d) गोखले

**30. भारत में फिल्म उद्योग को स्थापित करने के लिए सावे दादा ने किसे खरीदा था ?**

a) फिल्म स्टूडियो b) ल्युमियेर ब्रदर्स का प्रोजेक्टर और फोटो डेवलप करने की मशीन
c) एक बड़ा पर्दा d) एक फिल्म निर्माण समिति

**31. भारत के प्रसिद्ध गणितज्ञ और कैंब्रिज विश्वविद्यालय के प्रथम भारतीय छात्र कौन थे?**

a) सरींदर नाथ बनर्जी b) सर जगदीश चंद्र बसु
c) सर आर० पी० परांजपे d) सर रवींद्रनाथ टैगोर

**32. भारतीय फिल्म उद्योग के जनक किसे माना जाता है?**

a) सावे दादा b) दादा साहब तोरणे
c) दादा साहब फालके d) मास्टर विनायक

**33. सावे दादा ने किस उद्योग को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी?**

a) ऑटोमोबाइल उद्योग b) फिल्म उद्योग
c) खेलकूद उद्योग d) खाद्य उद्योग

**34. निम्न में से शुद्ध वाक्य कौन सा है?**

a) वह मेरी बात को हँसी में टाल गया। b) मेरी बात को वह हँसी में टाल गया।
c) हँसी में टाल गया वह मेरी बात को। d) मेरी बात वह हँसी में टाल गया।

**35. सासांरिक वस्तुओं को प्राप्त करने की इच्छा-**

a) एषणा b) स्थानान्तरित
c) समसामयिक d) अनुवाद

**36. ऋत' का विलोम शब्द है-'**

a) सत्य b) सोच
c) सरल d) अनृत

**37. निम्नलिखित में से लोकोक्ति "जैसा मुँह वैसा थप्पड़" का क्या अर्थ है?**

a) जो जिसके योग्य हो उसे वही मिलता है। b) साधारण कष्ट या हानि के डर से कोई व्यक्ति काम नहीं छोड़ देता।
c) जिस व्यक्ति पर जितनी अधिक विपत्ति पड़ी रहती है उतना ही अधिक वह सुख का आनंद पाता है। d) थोड़ी-सी चीज की जाँच करने से पता चला जाता है कि राशि कैसी है।

**38. महाशय' का संधि विच्छेद है:**

a) मह + आशय b) महा + शय
c) मह + अशय d) महा + आशय

**39. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द "समाचार" का पर्यायवाची शब्द नहीं है?**

a) वृत्तान्त b) संदेश
c) किरीट d) वार्ता

**40. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए।**

a) अधोपतन b) अधःपतन
c) आधिःपतन d) आधःपतन

**41. बुद्ध की जीवनी, बुद्धचरित की रचना करने वाले कवि अश्वघोष किस शासक के दरबार में रहते थे?**

a) अशोक b) बिंदुसार
c) कनिष्क d) गौतमीपुत्र श्री शातकर्णी

**42. शांति-काल में प्रदान किया जाने वाला सर्वोच्च वीरता पुरस्कार _____ है।**

a) वीर चक्र b) परमवीर चक्र
c) महावीर चक्र d) अशोक चक्र

**43. यह मंदिर नरसिंहवर्मन द्वितीय के शासनकाल के दौरान बनाया गया था और तमिलनाडु के कोरोमंडल तट पर मामल्लपुरम में कई हिंदू स्मारकों में से एक है। यह कौन सा मंदिर है?**

a) बृहदीश्वर मंदिर b) श्री लाड खान मंदिर
c) शोर मंदिर d) खजुराहो मंदिर

**44. श्वसन क्रिया के दौरान खमीर (यीस्ट) ____ गैस उत्पन्न करता है।**

a) हाइड्रोजन b) नाइट्रोजन
c) मीथेन d) कार्बन डाइऑक्साइड

**45. पश्चिमी हिमालय में बौद्ध शिक्षा का सबसे बड़ा केंद्र काई गोम्पा (Kye Gompa) _______ राज्य/संघराज्य क्षेत्र में स्थित है।**

a) उत्तराखंड b) हिमाचल प्रदेश
c) पंजाब d) जम्मू और कश्मीर

**46. निम्नलिखित धरोहर स्थलों में से किसमें वास्तुकला की द्रविड़ शैली है?**

a) हम्पी b) एलोरा
c) खजुराहो d) कोणार्क

**47. क्रिकेट विश्व कप, 1983 निम्नलिखित में से किस स्थान पर आयोजित किया गया था?**

a) इंग्लैंड b) ऑस्ट्रेलिया
c) वेस्ट इंडीज d) भारत

**48. राजा अशोक की पुत्री का नाम क्या था जिसे उन्होंने बौद्ध मिशनरी के कर्तव्यों को पूरा करने के लिए नियुक्त किया था?**

a) पद्मावती b) चारुमती
c) असंधिमित्रा d) संघमित्रा

**49. भारत में दक्कन के लावा पथ में मुख्य रूप से किस प्रकार की मिट्टी पाई जाती है?**
a) जलोढ़ मिट्टी  b) लाल मिट्टी
c) काली मिट्टी  d) लैटेराइट मिट्टी

**50. G20 टेकस्प्रिंट 2023 का विजेता किसे घोषित किया गया है?**
a) भारतीय रिजर्व बैंक  b) टीम सेक्रेटेरियम लिमिटेड
c) BIS  d) 1 और 3 दोनों

**51. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन का प्राथमिक लक्ष्य क्या है?**
a) उद्योगों से कार्बन उत्सर्जन कम करना  b) जीवाश्म ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देना
c) जैव ईंधन के उत्पादन के लिए मांग और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ावा देना  d) पारंपरिक ईंधन में वैश्विक व्यापार को बढ़ाना

**52. बंद अर्थव्यवस्था' वह अर्थव्यवस्था है जिसमें**
a) केवल निर्यात होता है।  b) बजट का घाटा कम है।
c) केवल आयात होता है।  d) कोई विदेशी व्यापार नहीं है।

**53. निम्नलिखित में से किस देश ने टोक्यो पैरालंपिक 2020 में सबसे अधिक स्वर्ण पदक जीते?**
a) ऑस्ट्रेलिया  b) भारत
c) चीन  d) अमेरिका

**54. रसायन शास्त्र में, कौन सी वस्तु है, जिसे छोटे सरल रासायनिक वस्तुओं में विभाजित नहीं किया जा सकता है तथा वह एक प्रकार के अनुक्रमों से बनी होती है।**
a) कम्पाउंड  b) गैस
c) तत्व  d) मिश्रण

**55. खाना पकाने का तेल, वनस्पति घी में किस प्रक्रिया द्वारा बदल जाता है**
a) क्रिस्टलन द्वारा  b) ऑक्सीकरण द्वारा
c) हाइड्रोजनीकरण द्वारा  d) संघनन द्वारा

**56. जब आवर्त सारणी में ऊपर से नीचे की ओर आते हैं तो क्षार धातुओं का आकार-**
a) बढ़ता है  b) कम होता है
c) कोई परिवर्तन नहीं होता है  d) या तो बढ़ता है या कम होता है।

**57. सर्वाधिक क्रियाशील धातु है?**
a) जस्ता  b) लीथियम
c) ताँबा  d) चाँदी

**58. स्टार्च - आयोडाइड पत्र का उपयोग किया जाता है।**
a) किसी ऑक्सीकारक के अभिज्ञान के लिए  b) किसी अपचायक के अभिज्ञान के लिए
c) $I_2$ के अभिज्ञान के लिए  d) स्टार्च के अभिज्ञान के लिए

**59. इलेक्ट्रिक बल्ब में फिलामेंट बना होता है ।**
a) टंगस्टन  b) नाइक्रोम
c) सीसा  d) ऐलुमिनियम

**60. इनमें से किसका प्रयोग एक स्नेहक के रूप में किया जाता है।**
a) ग्रेफाइट  b) सिलिका
c) आयरन ऑक्साइड  d) हीरा

**61. संवेग का SI मात्रक है।**
a) किलोग्राम - मीटर प्रति सैकण्ड  b) ग्राम- - सेंटीमीटर प्रति सेकेण्ड
c) जूल - मीटर प्रति सैकण्ड  d) न्यूटन - मीटर प्रति सैकण्ड

**62. निम्नलिखित में किस मेमोरी में CPU की सीधी पहुंच (एक्सेस) होती है?**
a) रैम  b) हार्ड डिस्क
c) मैग्नेटिक टेप  d) डीवीडी

**63. प्रोग्राम काउंटर (पी सी) रजिस्टर एक अनिवार्य भाग है**
a) हार्ड डिस्क का  b) रैम का
c) कैश मेमोरी का  d) सीपीयू का

**64. इनमें से कौन CPU का एक अनिवार्य संघटक है?**
a) हार्ड डिस्क  b) रैम
c) NIC  d) रजिस्टर्स


**65. निम्नलिखित प्रश्न में, वह शब्द चुनें जो दिए गये शब्दों के अक्षरों का प्रयोग कर के नहीं बनाया जा सकता।**
**COMPLIMENTARY**
a) TRIM  b) TRAPS
c) PRIME  d) TRAIN

**66. उस विकल्प का चयन कीजिए जो उस संख्या का प्रतिनिधित्व करता है जो चौथी संख्या से उसी प्रकार संबंधित है जैसे पहली संख्या दूसरी संख्या से संबंधित है।**
**28 : 145 :: ? : 100**
a) 19  b) 13
c) 17  d) 20

**67. किसी कूट भाषा में, 'TANK' को '4' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'PIR' को '3' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'FREIGHT' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?**
a) 7  b) 9
c) 6  d) 5

**68. उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे अक्षर-समूह से उसी प्रकार संबंधित है जैसे दूसरा अक्षर-समूह, पहले अक्षर-समूह से संबंधित है।**
**PRANIC : SQOBDJ :: SORBID : ?**
a) PTNSEK  b) PUCTEJ
c) PTCSEJ  d) QTCRFJ

**69. दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकती है।**



a) 
b) 
c) 
d) 

**70. छह खिलौने T1, T2, T3, T4, T5 और T6 (आवश्यक नहीं कि उसी क्रम में) एक वृत्ताकार पथ के चारों ओर अंदर की ओर मुख करके रखे गये है। T4, T6 के बाईं ओर से दूसरे स्थान पर है। T5, T2 के निकटतम बाएं स्थान पर है। T1, T3 के दाईं ओर से दूसरे स्थान पर है। T3, T4 के निकटतम दाईं ओर है। यदि हम T5 के बाईं ओर खिलौनों की संख्या गिनना शुरू करते हैं, तो T6 और T5 के बीच कितने खिलौने रखे जाते हैं?**

a) 1 b) 3
c) 2 d) 0

**71. अंकित को याद है कि उसका जन्मदिन 8 अगस्त के बाद है लेकिन 12 अगस्त से पहले है। उसकी मां को याद है कि उसका जन्मदिन 5 अगस्त के बाद है, लेकिन 10 अगस्त से पहले। अगस्त के किस दिन उसका जन्मदिन है?**

a) 8 b) 9
c) 7 d) 10

**72. एक निश्चित कोड भाषा में, 'FISHES' को '69198519' , 'BODY' को 215425' के रूप में लिखा जाता है। उस कोड भाषा में 'LEAD' के लिए कोड क्या है?**

a) 215412 b) 121514
c) 12511 d) 12514

**73. दिए गये कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानकर, भले ही वे ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों, निर्णय कीजिए कि दिए गये निष्कर्षों में से कौनसा निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।**
**कथन:**
**I. सभी P, Q हैं।**
**II. कुछ Q, Z हैं।**
**III. कुछ Z, T हैं।**
**निष्कर्ष:**
**I. कुछ T, P हैं।**
**II. कुछ P, Z हैं।**
**III. कोई T, Z नहीं है।**

a) एक भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है
b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
c) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
d) निष्कर्ष II और III दोनों अनुसरण करते हैं

**74. निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा, यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए और '×' और '÷' को भी परस्पर बदल दिया जाए?**
**20 × 5 – 10 + 5 ÷ 2 = ?**

a) 6 b) 2
c) 4 d) 8

**75. उस विकल्प का चयन कीजिए, जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा पद, पहले पद से संबंधित है।**
**रंग : लाल : : पेशा : ?**

a) वकील/वकालत b) कोर्ट
c) स्कूल d) काला

**76. उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित है जैसे दूसरा पद पहले पद से संबंधित है।**
**केंद्रित : ध्यान भटकाना :: सटीक : ?**

a) लापरवाह b) विशिष्ट
c) अपर्याप्त d) कठोर

**77. उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित समुच्चय की संख्याएँ संबंधित हैं। (नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में विभाजित किए बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - संक्रियाएँ जैसे कि जोड़ना/ घटाना/ गुणा करना आदि को सम्पूर्ण 13 पर कर सकते हैं। 13 को 1 और 3 में विभक्त करके उन अंको पर की गई गणितीय संक्रियाएँ अमान्य हैं।**
**(13, 28, 86)**
**(18, 38, 116)**

a) (10, 22, 68) b) (9, 18, 56)
c) (8, 18, 54) d) (11, 24, 76)

**78. नीचे दिए गए प्रश्न में उन कथनों के आधार पर कुछ कथनों के बाद कुछ निष्कर्ष दिए गए हैं। दिए गए कथनों को सत्य मानते हुए भी यदि वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हैं। सभी निष्कर्ष पढ़ें और फिर तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।**
**कथन:**
**I. कुछ फूल नरम हैं।**
**II. कोई कठोर नरम नहीं हैं।**
**निष्कर्ष:**
**I. कुछ कठोर फूल हैं।**
**II. कुछ नरम फूल हैं।**

a) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
b) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं
c) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है
d) कोई निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है

**79. दिए गए विकल्पों में से उन संख्याओं का चयन कीजिए जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) को प्रतिस्थापित कर सकती हैं।**

**8, 9, 5, 16, 27, 25, 32, 81, 125, ?, 243, ?**


a) 325, 64 b) 375, 64
c) 64, 375 d) 64, 625



**80. कौन-से दो चिन्हों को एक-दूसरे से परिवर्तित करने पर समीकरण सही होगा?**
**19 + 63 ÷ 7 – 8 × 12 = 79**

a) × और ÷ b) – और ×
c) ÷ और – d) × और +

**81. उस विकल्प आकृति का चयन करें जो दी गई आकृति में इसके भाग के रूप में सन्निहित है (रोटेशन की अनुमति नहीं है)।**



a)  b) 


c)  d) 


**82. एक निश्चित कूट भाषा में, 'MISTER' को '925301' के रूप में, 'UNCLE' को '84670' के रूप में, और 'SEN' को '504' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उसी भाषा में 'MISTIC' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?**

a) 936571 b) 925326
c) 876523 d) 367829

**83. यदि एक दर्पण को AB रेखा पर रखा जाए, तो दी गई उत्तर आकृतियों में से कौन सी आकृति प्रश्न आकृति की सही छवि होगी?**




a)  b) 

c)  d) 

**84. निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) का स्थान लेगा?**
**HQMR, IRLQ, JSKP, KTJO, ?**

a) LUIN b) LUJO
c) MUJN d) MUIO

**85. एक व्यक्ति ने 39000 रुपये की एक राशि उसके पत्नी, 5 बेटों और 4 बेटियों के बीच बाटें जाने के लिए छोड़ा। यदि प्रत्येक बेटे बेटियों द्वारा प्राप्त की गई राशि का तीन गुनी राशि प्राप्त करते हैं, और प्रत्येक बेटियां उनकी माँ द्वारा प्राप्त की गई राशि का दुगनी राशि प्राप्त करते हैं, तो पत्नी का हिस्सा क्या है?**

a) 1000 रुपये b) 1200 रुपये
c) 1500 रुपये d) 2000 रुपये

**86. 9 रुपये प्रति किलोग्राम कीमत वाली चीनी की कितनी मात्रा, 7 रुपये प्रति किलोग्राम कीमत वाली 27 किलोग्राम चीनी में मिलाई जानी चाहिए ताकि दुकानदार मिश्रण को 9.24 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचकर 10% का लाभ कमा सके?**

a) 63 किग्रा b) 78 किग्रा
c) 69 किग्रा d) 73 किग्रा

**87. यदि 1.2 : 3.9 :: 2 : a है, तो a का मान ज्ञात करें।**

a) 6.5 b) 6.9
c) 6.3 d) 6.1

**88. अजय और राजवीर की वर्तमान आयु का अनुपात क्रमशः 7 : 4 है। तीन वर्ष बाद उनकी आयु का अनुपात क्रमशः 5 : 3 हो जाएगा। अजय की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।**

a) 47 वर्ष b) 49 वर्ष
c) 45 वर्ष d) 42 वर्ष

**89. 40%, 20% और 10% की तीन क्रमागत छूटों के समतुल्य एकल छूट ज्ञात करें।**

a) 62.5% b) 56.8%
c) 61.1% d) 49%

**90. एक आयत की लंबाई और चौड़ाई में क्रमश: +30% और -20% का परिवर्तन किया जाता है। आयत के क्षेत्रफल में कितने प्रतिशत परिवर्तन हुआ है?**

a) -6% b) +6%
c) -4% d) +4%

**91. 150 मीटर और 200 मीटर लंबी दो ट्रेनें समानांतर पटरियों पर क्रमशः 54 किमी/घंटा और 72 किमी/घंटा की गति से एक-दूसरे की ओर यात्रा कर रही हैं। उन्हें एक दूसरे को पूरी तरह पार में कितना समय लगेगा?**

a) 40 सेकंड b) 30 सेकंड

c) 10 सेकंड  d) 20 सेकंड

**92. एक समद्विबाहु त्रिभुज की दो समान भुजाएँ AB और AC हैं, जिनकी लंबाई 5 सेमी है, और तीसरी भुजा BC की लंबाई 8 सेमी है। C से भुजा AB पर लंब की लंबाई कितनी है?**

a) 5 सेमी  b) 4 सेमी
c) 4.8 सेमी  d) 3 सेमी

**93. किस वर्ष गोरखाओं ने कांगड़ा के शासक संसार चंद को हराया था?**

a) 1768  b) 1790
c) 1806  d) 1809

**94. निम्नलिखित में से किस घटना को हिमाचल प्रदेश में 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन का विस्तार माना जाता है?**

a) मंडी अभिसंधि  b) पझौता आंदोलन
c) प्रजा मंडल आंदोलन  d) गोरखा विद्रोह

**95. निम्नलिखित में से कौन सा मंदिर ढालू छत और बरामदे की शैली का उदाहरण है/हैं?**

a) लक्षना देवी मंदिर  b) शक्ति देवी
c) काली देवी  d) उपरोक्त सभी

**96. स्वांग निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

a) लोक नृत्य  b) लोक नाटक/थिएटर
c) कठपुतली का तमाशा  d) इनमे से कोई भी नहीं

**97. निम्नलिखित में से कौन सी जनजाति हिमाचल प्रदेश में पाई जाती है?**

a) लाहौला  b) स्वांगला
c) पंगवाल  d) उपरोक्त सभी

**98. 2011 की जनगणना के अनुसार शिमला जिले का जनसंख्या घनत्व कितना था?**

a) 159 (प्रति वर्ग किमी)  b) 179 (प्रति वर्ग किमी)
c) 189 (प्रति वर्ग किमी)  d) 169 (प्रति वर्ग किमी)

**99. सोर्स सस्टेनेबिलिटी एंड क्लाइमेट रेजिलिएंट रेन-फेड एग्रीकल्चर के लिए इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट कितने ग्राम पंचायतों में लागू किया जाएगा?**

a) 100  b) 428
c) 350  d) 200

**100. 2019-20 में हिमाचल प्रदेश का प्रति व्यक्ति सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) _________ (स्थिर मूल्यों पर) था?**

a) 1,89,787 रुपये  b) 1,79,787 रुपये
c) 2,69,787 रुपये  d) 1,69,787 रुपये

LOGO HERE